**राज्यपाल सचिवालय**

**राजभवन, जयपुर**

## राज्यपाल से उत्तर प्रदेश के रोलर स्केटिंग खिलाड़ियों की मुलाकात

जयपुर, 22 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से शनिवार को राजभवन में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान' के अंतर्गत उत्तर प्रदेश रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री राजेश डोगरा के नेतृत्व में रोलर स्केटिंग खिलाड़ियों के दल ने मुलाकात की।
राज्यपाल श्री मिश्र ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

----

## हैलीकॉप्टर दुघर्टना में मेजर विकास भांभू, मेजर मुस्तफा और नायक रोहिताश कुमार की शहादत पर राज्यपाल की संवेदना

जयपुर, 22 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने जयपुर के मेजर श्री विकास भांभू, उदयपुर के मेजर श्री मुस्तफा बोहरा और झुंझुनूं जिले के निवासी नायक श्री रोहिताश कुमार सहित पांच जवानों की अरुणाचल प्रदेश में सेना का हैलीकॉप्टर दुघर्टनाग्रस्त होने के कारण शहादत पर शोक संवेदना व्यक्त की है।

उन्होंने पुण्यात्माओं की शांति एवं परिजनों को यह आघात सहने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

-------